वीडियो कॉन्टेस्ट : नियम एवं शर्तें
(Terms & Conditions)

A. आयोजक
यह वीडियो कॉन्टेस्ट अभिव्यक्ति - बदलते भारत की आवाज़ (राष्ट्रीय चेतना परिवार, बेंगलूरू) द्वारा आयोजित किया जा रहा है।

B.पात्रता (Eligibility)
1. प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रतिभागी भारत का नागरिक होना चाहिए।

2. आयु सीमा: 8 से 18 वर्ष। जिसे दो वर्गों में विभाजित किया गया है
(कनिष्ठ वर्ग - 8 से 12, वरिष्ठ वर्ग - 13 से 18)

3. आयोजक संस्था के पदाधिकारियों और इनके परिवार के सदस्य प्रतियोगिता में भाग नहीं ले सकते।

C. प्रतियोगिता विषय (Theme)

प्रतियोगिता का विषय होगा:
1. नारी शिक्षा
2. बाल विकास
3. महिला सशक्तिकरण
4. पर्यवारण चेतना
5. शिक्षा में AI का योगदान
6. आधुनिक युग में नैतिक शिक्षा
7. सामाजिक जागरूकता

प्रतिभागी द्वारा प्रस्तुत वीडियो विषय से संबंधित होना अनिवार्य है।

D. वीडियो से संबंधित नियम

1. वीडियो की अधिकतम अवधि: 2 मिनट न्यूनतम से 3 मिनट अधिकतम
2. वीडियो भाषा: हिंदी
3. वीडियो का फ़ॉर्मेट: MP4 / AVI / MOV
4. वीडियो पूर्णतः मौलिक (Original) होना चाहिए।
5. वीडियो के प्रारम्भ में विषय, प्रतिभागी के भूमिका मय नाम का विवरण होना चाहिए।
6. वीडियो में AI का प्रयोग नहीं किया गया हो।
7. वीडियो में किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक, अश्लील, धार्मिक/साम्प्रदायिक विद्वेष फैलाने वाली सामग्री निषिद्ध है।
8. वीडियो का फ्रेम 4:3 का होना चाहिए।
9. वीडियो साइज 25 MB से अधिक नहीं होना चाहिए।
10. वीडियो में कॉपीराइट सामग्री नहीं होनी चाहिए।

E. प्रवेश (Entry) प्रक्रिया
1. प्रतिभागी अपना वीडियो   (ई-मेल/गूगल फ़ॉर्म/प्लेटफ़ॉर्म) पर अपलोड/भेजेंगे।
2. प्रविष्टि प्राप्ति अंतिम तिथि: 7 मई 2026 रात्रि 12 बजे तक तत्पश्चात लिंक स्वत: ही निष्क्रिय हो जायेगा।
3. प्रत्येक प्रतिभागी केवल एक ही विषय में प्रविष्टि भेज सकता है। एक प्रतिभागी एक से अधिक विषय में भाग ले सकता है परंतु उस स्थिति में दूसरा फॉर्म भरना होगा।
4. कनिष्ठ वर्ग के लिए सहयोग राशि 150/- और वरिष्ठ वर्ग के लिए 200/- सहयोग राशि (उक्त सहयोग राशि आयोजक संस्था द्वारा सामाजिक कार्यों में उपयोग ली जायगी।

F. कॉपीराइट एवं उपयोग अधिकार
1. वीडियो का कॉपीराइट संस्था के पास रहेगा।
2. प्रतिभागी आयोजक को वीडियो के प्रचार-प्रसार, प्रदर्शन व प्रकाशन हेतु नि:शुल्क अधिकार प्रदान करता है।
3. वीडियो में निहित किसी भी कॉपीराइट उल्लंघन की ज़िम्मेदारी प्रतिभागी की होगी।

G. मूल्यांकन प्रक्रिया
1. वीडियो का मूल्यांकन निर्णायक मंडल द्वारा किया जाएगा।
2. निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम व सर्वमान्य होगा।
3. मूल्यांकन के मानदंड: विषयवस्तु, प्रस्तुति, रचनात्मकता, संदेश।

H. पुरस्कार (Prizes)

कनिष्ट वर्ग
1. प्रथम पुरस्कार: स्मृति चिन्ह + प्रशंसा पत्र + 2100/- नकद
2. द्वितीय पुरस्कार: स्मृति चिन्ह + प्रशंसा पत्र + 1100/- नकद
3. तृतीय पुरस्कार : स्मृति चिन्ह + प्रशंसा पत्र + 551/- नकद
4. सांत्वना पुरस्कार -5

वरिष्ठ वर्ग
1. प्रथम पुरस्कार: स्मृति चिन्ह + प्रशंसा पत्र + 2100/- नकद
2. द्वितीय पुरस्कार: स्मृति चिन्ह + प्रशंसा पत्र + 1100/- नकद
3. तृतीय पुरस्कार : स्मृति चिन्ह + प्रशंसा पत्र + 551/- नकद
3. सांत्वना पुरस्कार -5

- पुरस्कारों पर लागू नियम प्रतिभागी पर भी लागू होंगे।
- सभी प्रतिभागियों को डिजिटल वीडियो प्रशंसा पत्र प्रदान किये जायेंगे।

I. अयोग्यता (Disqualification)
1. नियमों का उल्लंघन करने पर प्रविष्टि निरस्त की जा सकती है।
2. गलत जानकारी देने पर प्रतिभागी अयोग्य घोषित होगा।

J. परिवर्तन का अधिकार
आयोजक को किसी भी समय प्रतियोगिता के नियमों में परिवर्तन या प्रतियोगिता को स्थगित/ रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है।

K. विवाद की स्थिति
किसी भी विवाद की स्थिति में आयोजक का निर्णय अंतिम होगा तथा न्याय क्षेत्र राष्ट्रीय चेतना परिवार, बैंगलूरू होगा।